हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शनिवार, 26 फरवरी, 2022/7 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 33

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

***4615 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार द्वारा राज्य के सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों को घाटे से उबारने व सामरिक सुदृढ़ीकरण करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

Tikkar-Khamadi Road

***4616 Sh. Nand Lal (Rampur) :**
Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is there any plan of the Government to upgrade the Tikkar-Khamadi Road (Nankhari); and

(b) has the Government received any sanction for upgradation of this road from Central Government?

विकास कार्य

***4617 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जिन विकास कार्यों की एफ0आर0ए0 व एफ0सी0ए0 की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति प्रदान कर दी है, उन कार्यों को कब तक सरकार आरम्भ करने का विचार रखती है; विकास कार्यों का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

पदपूर्ति

***4618 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रोहड़ू में अधीक्षण अभियन्ता का पद कब से रिक्त पड़ा है; रोहड़ू वृत्त व रोहड़ू मण्डल में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा दें?

सीमेंट उद्योग

***4619 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में नए सीमेंट उद्योग कहां-कहां स्थापित किए जाएंगे तथा ये उद्योग किस-किस कम्पनी को आबंटित किए गए हैं; और

(ख) इन उद्योगों पर अनुमानित कितनी लागत आएगी तथा इनसे कितना राजस्व सरकार को प्रतिवर्ष प्राप्त होगा; ब्यौरा दें?

सहारा योजना

***4620 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य मन्त्री सहारा योजना के अन्तर्गत कितने पात्र व्यक्तियों को इस योजना का लाभ प्रदान किया गया है व कितने आवेदन लम्बित हैं; इस योजना हेतु कितनी धनराशि आबंटित की जा चुकी है; लाभार्थियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

ट्रैफिक टनल तराण्डा

***4621 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ट्रैफिक टनल तराण्डा का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया था; इसकी कुल कितनी लम्बाई है, कितने मीटर खुदाई हो गई है व यह कार्य कब से बंद है; कार्य बंद होने के कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इस कार्य के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; वर्तमान में विभाग द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई व कितनी शेष है?

फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट

***4622 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट खोलने का निर्णय किया गया था; यदि हां, तो इस संस्थान को खोलने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा इसे कब तक खोल दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

पदों का ब्यौरा

***4623 श्री राकेश सिंघा (ठियोग) :**
श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना) :
श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियंता के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं तथा न्यायालय के निर्णय अनुसार कितने कनिष्ठ अभियन्ताओं के पदों को निरस्त किया गया;

(ख) क्या सरकार निरस्त (Terminate) किए गए कनिष्ठ अभियन्ताओं को पुनः कार्य पर रखने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें;

(ग) ठियोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियन्ताओं के कितने पद स्वीकृत हैं; उनमें से कितने कनिष्ठ अभियन्ताओं को न्यायालय

के निर्णय अनुसार निरस्त किया गया है तथा इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(घ) मत्याणा-भज सड़क दुर्घटना के अन्तर्गत मारे गए दो नौजवानों की मृत्यु के समय क्या मत्याणा में कनिष्ठ अभियन्ता कार्यरत था; क्या यह दुर्घटना तंग सड़क की वजह से हुई है; यदि हां, तो कनिष्ठ अभियन्ता के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई?

पेंशन

***4624 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि एच0आर0टी0सी0 से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन समय पर नहीं मिल रही है; यदि हां, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

टी०सी०पी० के अन्तर्गत गाँव

***4625 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 18 गाँव टी०सी०पी० के अन्तर्गत लिए गए थे; यदि हां, तो क्या सरकार इन्हें टी०सी०पी० से बाहर करने का विचार रखती है?

ग्रीन एन0एच0

***4626 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कहाँ-कहाँ ग्रीन एन0एच0 बनाए जा रहे हैं; इन ग्रीन एन0एच0 के कार्यों की क्या विशेषता होगी;

(ख) इन कार्यों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; कार्य की अद्यतन स्थिति सहित मदवार ब्यौरा दें; और

(ग) इन कार्यों को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

Kandaghat Hospital

***4627 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of Kandaghat Hospital in Solan Assembly Constituency; by when it will be handed over to use for the public; details be given?

रोपवे निर्माण

***4628 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर में भरमौर से भरमाणी माता के लिए रोपवे निर्माण का शिलान्यास वर्ष 2019 में किया गया था; इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा तथा निर्माण कार्य आरम्भ न करने के क्या कारण हैं; पूर्ण ब्यौरा दें?

SPO's

***4629 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many SPO's are presently employed by the Government of HP (District-wise) details be given;

(b) what is the amount being paid to them as salary/honorarium; how much is State share and how much is paid by the Government of India; and

(c) is it a fact that recently the State share has been reduced by the Government; if yes, how much; details be given?

निर्माण कार्य

***4630 श्री हीरा लाल (करसोग) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम करसोग बस स्टैंड का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर

दिया जाएगा; लागत सहित ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि बस डिपो करसोग में कार्यशाला का एफ0सी0ए0 हो चुका है; यदि हां, तो कार्यशाला का कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; और

(ग) करसोग बस डिपो व कार्यशाला में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

उप-स्वास्थ्य केंद्र जरग

*4631 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र जरग का भवन निर्माण कार्य कब पूर्ण किया गया तथा सरकार द्वारा इस केन्द्र में क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं; ब्यौरा दें?

निजी भवन

*4632 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के किन-किन विभागों के कार्यालय निजी भवनों में चलाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) प्रत्येक विभाग द्वारा कितनी-कितनी धनराशि इन भवनों के किराए हेतु व्यय की जा रही है; ब्यौरा विभागवार, वर्षवार, ज़िलावार व धनराशि सहित दें?

Helipad

*4633 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is there any plan of the Government to construct any Helipad (Other than the Rampur Helipad) at Rampur; and

(b) is it a fact that site of Bahali, Myhali and Phancha is in the consideration of the Government; details be given?

विकास कार्य

***4634 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में पहले प्रत्येक विभाग में 5 लाख तक ऑफलाइन विकास कार्य ठेकेदारों को आबंटित किए जाने की शक्तियां थी परन्तु अब यह लिमिट 1 लाख कर दी गई है; यदि हां, तो क्या सरकार फिर से इसे 5 लाख करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

निविदाएं

***4635 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रोहड़ू व डोडरा-क्वार मण्डल में विभाग ने कितने ऑनलाइन व ऑफलाइन टेंडर आमंत्रित किए हैं; कार्यों का नाम, ठेकेदारों के नाम व कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा कितनी धनराशि शेष है; पूर्ण ब्यौरा दें?

निर्माणाधीन तारामण्डल

***4636 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शिमला में निर्माणाधीन तारामण्डल का निर्माण कार्य किस वर्ष प्रारम्भ किया गया था तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***4637 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा

निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन-किन प्राथमिक, सामुदायिक व आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा केन्द्रवार दें?

बुकिंग कन्फर्मेशन

***4638 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में चण्डीगढ़ व दिल्ली स्थित हिमाचल भवन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कमरों की बुकिंग कन्फर्मेशन समय पर न देने के कारण माननीय विधायकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार हिमाचल भवनों के डोरमैट्रिज व शौचालयों की खराब हालत को कब तक सुधारने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

हेलीपैड निर्माण

***4639 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हेलीपैड हैं; क्या सरकार द्वारा सुन्दरनगर में हेलीपैड निर्माण करने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो स्थान व निर्माण की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

District Co-Operative Bank Office

***4640 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) what are the reasons for shifting of the District Co-Operative Bank Office from Narkanda to Rohru; what steps were taken by the Government to bring back the office to Narkanda; and

(b) place the minutes of the BOD meeting on the Table of the House in which the decision to shift the office was taken as per the procedure laid down under

Law; how many days earlier is the agenda of the meeting to be circulated to its Members and who ratifies the decision of the BOD?

करुणामूलक आधार पर नियुक्तियां

***4641 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांगड़ा जिला के विभिन्न विभागों में करुणामूलक आधार पर नियुक्तियां प्रदान करने हेतु कितने मामले लंबित हैं तथा इन्हें कब तक नियुक्तियां प्रदान कर दी जाएंगी?

बेरोज़गारी भत्ता

***4642 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बेरोज़गारी भत्ता योजना कब प्रारम्भ की गई; इस योजना के अन्तर्गत क्या-क्या प्रावधान किए गए हैं; गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इस योजना से कितने युवा लाभान्वित हुए; वर्षवार ब्यौरा दें?

Bridge over Ashwani Khud

***4643 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of bridge over Ashwani Khud?

नेचर पार्क पांगी

***4644 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक नेचर पार्क पांगी के निर्माण हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई तथा कितनी व्यय की गई; और

(ख) निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; इस पार्क का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर

दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Civil Hospital Kihar

***4645 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 01.02.2022, how much amount has been spent on the construction of the new building of Civil Hospital Kihar; and

(b) how much funds are required to complete the building work; by when the building is likely to be completed?

तत्तापानी सौन्दर्यीकरण

***4646 श्री हीरा लाल (करसोग) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तत्तापानी में कोलडैम घाटों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; लागत सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तत्तापानी में सौन्दर्यीकरण का कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; लागत सहित ब्यौरा दें?

बैटरी कारें

***4647 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी वन विहार में बैटरी से चलने वाली 2 कारें बंद पड़ी हैं; यदि हां, तो इन बैटरी कारों को पुनः कब तक चालू कर दिया जाएगा?

यशपाल शर्मा,
सचिव।